हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



## खबर संक्षेप

### 98 छात्राओं को विधायक टेकाम ने बांटी साइकिल



**धनौरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा की छात्राओं का चेहरा विधायक नीलकंठ टेकाम से सरस्वती साइकिल योजना के तहत नई साइकिल पाकर खुशी से खिल उठे। 2 अक्टूबर को केशकाल विधायक धनौरा के विद्यालय पहुंचकर सरकार की सरस्वती साइकिल योजनान्तर्गत 98 छात्राओं को नई साइकिल प्रदान किया । इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य पूर्व जनपद अध्यक्ष पूर्व उपाध्यक्ष सरपंच उपसरपंच पंचगंण तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा कार्यकर्ता और धनौरा एवं आसपास गांव के प्रतिष्ठित जन तथा छात्र छात्राओं के पालक बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### हायर सेकंडरी बड़े बेंद्री के विद्यार्थियों का जोन स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कोण्डागांव।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेंद्री के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। जगदलपुर के जगतु महारा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेले में विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार तिवारी के संरक्षण और व्याख्याता अंकित गुप्ता के मार्गदर्शन में 11वीं कक्षा के छात्र बीरेंद्र यादव ने बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीरेंद्र को 'राज्य स्तरीय प्रतियोगिता' में भाग लेने का अवसर मिलेगा जो 15 से 18 अक्टूबर तक अंबिकापुर में आयोजित होगी।

# प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं होगी : मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्थानीय लायब्रेरी में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां जिले के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मुख्यमंत्री से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। अच्छे भविष्य के निर्माण लिए सभी को अवसर दिया जा रहा है। इस युवा संवाद में युवाओं ने मांग की पूरा करने कलेक्टर बीजापुर को निर्देशित किए, साथ ही शून्य प्रतिशत ब्याज में शिक्षा लोन की सुविधा देने की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवरात्र के अवसर पर संवाद कार्यक्रम में युवाओं से मिलना एक शुभ अवसर है। सरकार शिक्षा के लिए सजग है। छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के सभी संस्थानों की स्थापना की है, सभी जिलों में लाइब्रेरी की सुविधा दी गई है। रायपुर के नालंदा परिसर में प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की सुविधाओं में वृद्धि की गई है। साथ ही दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी हेतु संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या बढ़ाई गई, पीजी में रहने वाले का खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने युवाओं के साथ उनके भविष्य, शिक्षा, और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवाओं के विकास और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

#### मेडिकल- नर्सिंग कॉलेज और सेंट्रल लाइब्रेरी में कोचिंग की मांग

सामया हसरत ने साइंस विषय के लिए कॉलेज में प्रोफेसर की सुविधा के लिए आभार माना किंतु मेडिकल-नर्सिंग कॉलेज की मांग की। पामेड़ निवासी जगपति कुर्सा ने बताया कि गांव में सड़क, बिजली और अन्य विकास कार्य को गति मिल गई है। जगपति ने नीट-जेईई की तैयारी के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी में कोचिंग की मांग रखी। पुजारी कांकेर निवासी लक्ष्मण ने बताया कि उनके गांव में पहले स्कूल नहीं था मुझे दूसरे स्थल में जा कर पढ़ाई करनी पढ़ी, अब गांव में स्कूल भी है खुल गया है। गांव के बच्चे घर के समीप पढ़ाई की सुविधा मिल जा रही है, लाइब्रेरी में कम्प्यूटर लैब की मांग की।



#### युवाओं ने मांगा बीएड, डीएड कॉलेज

युवा राकेश ताती ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के होने से प्रारंभिक शिक्षा दूसरे गांव में किया। वर्तमान में गांव में पुलिस कैंप के साथ-साथ स्कूल खुल गए हैं। सहायक प्रोफेसर की तैयारी कर रहा हूं। इस लायब्रेरी से तैयारी करने में बहुत सहायता मिली है। रूखसार खान ने बताया कि जिले में अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुलने से पढ़ाई का स्तर अच्छा हुआ है। कॉलेज में अन्य विषय की सुविधा तो मिल रही है,लेकिन जिले में बीएड-डीएड कॉलेज की कमी से उच्च शिक्षा के लिए अन्य बड़े जिले में जाना पड़ता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से कई विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। बीएड-डीएड कॉलेज की खोलने की पहल की जाए।

**साय ने नारियल और रमन ने लगाए सल्फी का पौधा :** कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने सेंट्रल लाईब्रेरी परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर नारियल के पौधे का रोपण किया। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सल्फी का पौधा रोपा। वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद कश्यप सहित अन्य अतिथियों ने भी पौधरोपण किया।

## अपराध: जिला सहकारी बैंक विश्रामपुरी का मामला

# बैंक के सुरक्षा गार्ड ने एटीएम कार्ड के जरिए की 1.20 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला सहकारी बैंक में पदस्थ सुरक्षा गार्ड कैलाश प्रधान ने बैंक के खाताधारकों को एटीएम कार्ड देते वक्त धोखाधड़ी का अनोखा तरीका अपनाकर 1.20 लाख रुपए का गबन किया। पुलिस ने शिकायत के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पुलिस ने नकदी सहित 1.58 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की है।

- पुलिस ने शिकायत के 24 घंटे के भीतर आरोपी को किया गिरफ्तार

रावसवाही बड़ेराजपुर निवासी श्रीमती दयाबती नेताम ने 5 सितंबर को थाना विश्रामपुरी में शिकायत दर्ज करवाई कि उनके खाते से 29.08.2024 से 04.09.2024 के बीच अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम कार्ड के जरिए कुल 1.20 लाख रुपए निकाले हैं।

दयाबती ने बताया कि उन्होंने 27.08.2024 को नया एटीएम कार्ड बैंक से जारी करवाया था। जिसे खोलने पर उन्हें पता चला कि एटीएम कार्ड और बीआर कोड में गड़बड़ी है। बैंक स्टेटमेंट की जांच में यह खुलासा हुआ कि कई दिनों में 20,000 रुपए की रकम उनके खाते से निकाली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपत सिंह धनेश्री के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी कैलाश प्रधान को गिरफ्तार किया गया।



#### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, थाना प्रभारी निरीक्षक भुनेश्वर नाग, सहायक उपनिरीक्षक सुमंत भगत, और थाना विश्रामपुरी स्टाफ की अहम भूमिका रही। विश्रामपुरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक बड़ी धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है, जो जनता के लिए सुरक्षा और विश्वास का एक अहम संदेश है।

**ऐसे हुआ खुलासा :** पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जिला सहकारी बैंक विश्रामपुरी में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात था। वहां आने वाले खाताधारकों के एटीएम कार्ड वाले बंद लिफाफे को वह खोलकर एटीएम कार्ड और पिन नंबर चोरी करता था। उसने 29.08.2024 से 04.09.2024 के बीच दयाबती नेताम के खाते से फर्जी तरीके से 1.20 लाख रुपये निकाल लिए। आरोपी के पास से 3 एटीएम कार्ड, नकद राशि 18 हजार रुपए, होंडा साइन मोटरसाइकिल 1 लाख रुपए, सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल 30 हजार रुपए मोबाइल वीवो 10,000 रुपए कुल बरामद संपत्ति 1 लाख 58 हजार रुपए।

#### कार से गांजा तस्करी, एक गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव के अनंतपुर थाना पुलिस ने एक बड़े मादक पदार्थ तस्करी के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपी कृष्णा साहू उर्फ खाडू जो अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहा था, को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 0.242 ग्राम गांजा और एक लाल रंग की स्वीप्ट कार वाहन क्रमांक सी.जी. 04 पीए 1630 जब्त की गई है। गांजे की कीमत लगभग 25 सौ रुपए आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति उमरकोट से कोण्डागांव की ओर एक लाल रंग की स्वीप्ट कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जा रहा है। मुखबिर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में पुलिस ने अमरावती वैभव पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग एसएच 26 पर घेराबंदी की। मुखबिर द्वारा बताई गई स्वीप्ट कार सी.जी. 04 पी.ए. 1630 को आते हुए देखा गया और तुरंत उसे रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम कृष्णा साहू उर्फ खाडू, निवासी उमरकोट बस स्टैंड मस्जिद पारा जिला नवरंगपुर ओडिशा बताया। आरोपी का स्थायी पता कोण्डागांव बाजारपारा है। पुलिस ने आरोपी की कार की तलाशी ली, जिसमें कागज में लपेटे हुए 5 पैकेट मिले।

# नन्हे हाथों ने रंगोली बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला की ग्राम पंचायत करंजी के शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा के नन्हे बच्चों ने स्वच्छता ही सेवा 2024 के थीम पर गांधी जयंती के अवसर पर गांधी के सांकेतिक चश्मे को एक विशाल रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित का ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव के मागदर्शन में बच्चों ने रंगोली उकेरी। साथ ही साथ सामूहिक रूप से सभी ने स्वच्छता की शपथ लेकर दिन प्रतिदिन अपने अपने घर आंगन, पारा मोहल्ला तथा अपने गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

स्वच्छता अभियान के तहत स्कूल परिसर के अंदर, सड़क किनारे तथा आसपास के प्लास्टिक, पानी बोतल, पॉलिथीन के टुकड़े को एकत्रित कर उसे सुरक्षित जगह निपटान किया गया। कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को दिन विशेष ही नहीं बल्कि प्रतिदिन स्वच्छता के प्रति सजग रहना है।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर ग्राम पंचायत करंजी सरपंच इम्लेश्वरी बघेल, कार्यक्रम संयोजक टी.ऐंकट राव, संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, ग्राम सचिव चंद्रिका नाइक, सारिका वैष्णव, विक्की दीवान, पंचगण, ग्रामवासी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### विकास की ओर तेजी से...

और पुलियों का का निर्माण करना बहुत चुनौतीपूर्ण था। लेकिन भाजपा के शासन में आज यह जिला अपनी शांति और विकास के लिए पहचाना जा रहा हैं। पूर्व सीएम ने कहा की 1 रुपएचांवल देने का काम भी बीजापुर जिले से चालू हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस जिले में आ चुके हैं और देश की महत्वपूर्ण आयुष्मान योजना की शुरूआत भी पुरे देश में बीजापुर से ही शुरू हुई हैं।

**रमन ने की साय की तारिफ :** वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तारीफ करते हुए कहा की वे वही सीएम है जिन्होंने तेंदुपत्ता की क़ीमत 4 हजार से बढ़ाकर 5500 की, धान की कीमत प्रति क्विंटल 3100 रूपये की और 2 साल का बोनस भी दे रहे है। वहीं प्रदेश के 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000 रूपये की राशि महीने में दे रहे है। उन्होंने कहा की अब बीजापुर जिला शांति और विकास के मार्ग पर अग्रसर होता जा रहा है।

### नक्सल पीड़ित परिवार....

है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बीजापुर मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के आश्रितों को शासकीय नियुक्ति आदेश और तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने बीजापुर जिले को 263 करोड़ 66 लाख से अधिक की लागत से 209 विकास कार्यों की सौगात दिए। कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, वनमंत्री और बीजापुर प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ.जितेंद्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, गणमान्य जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित थे।

### मसेनार एवं पाहुरनार को....

मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

**महिला समूह बसों का करेगी संचालन :** नियद नेल्लानार योजना के तहत मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत चेरपाल और गोंगपाल को बस संचालन सेवा प्रारंभ करने हेतु दो बसें प्रदाय की गई। इस यात्री बस संचालन सेवा महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से किया जाएगा। प्रशासन द्वारा दूरस्थ ग्रामों में यात्री बस संचालन को सुचारू रूप से चलाने हेतु 6 बसें और दी जाएगी। इसके अलावा लाइवलीहुड कॉलेज से वाहन चालक में प्रशिक्षित 2 युवाओं ग्राम धुरली के अनिल तथा ग्राम गामावाड़ा के गौरीश को भी टैक्सी संचालन के लिए 4 पहिया दिया गया।

### सिरहासार में बैठे...

के दिन सिरहासार भवन में दिवगंत पूर्वजों का श्राद्ध किया गया। जिसके बाद आश्विन शुक्लपक्ष को सिरहासार भवन में जोगी बिठाई की रस्म अदा की गई। रियासतकालीन परम्परानुसार सिरहासार भवन में बने 6 बाई 3 के गढ्ढे में हल्बा जाति का एक व्यक्ति लगातार 9 दिनों तक योगासन की मुद्रा में बैठते हैं। इस बीच जोगी फलाहार तथा दूध का सेवन करते है। रियासत काल से ही ग्राम बड़े आमाबाल के हल्बा जनजाति का जोगी इस परम्परा का निर्वहन करता आ रहा है। बड़े आमाबाल निवासी जोगी परिवार के दौलत नाग इस वर्ष 9 दिनों तक उपवास कर तपस्या में लीन रहेंगे।

**जोगी बिठाई से पूर्व जोगी पहुंचे मावली मंदिर:** परम्परानुसान जोगी बिठाई से पूर्व बाजे गाजे के साथ जोगी को मावली मंदिर ले जाया गया यहां से माईं का खण्डा लेकर उन्हें परघाते हुए जोगी बिठाई स्थल में लाया गया। जोगी द्वारा गड्ढे में पूजा अर्चना कर कलश स्थापना कर ज्योत जलाया गया। नवरात्रि के पहले दिन से अब नौ दिन तक जोगी यहां बैठेगें और तपस्या व आराधना करेगें कि दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न हो। जोगी के रूप में बैठने वाले दौलत ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि इससे पूर्व उनके भाई रघुनाथ नाग जोगी के रूप में बैठे थे। प्रतिवर्ष एक भाई जोगी के रूप में तथा दूसरा पुजारी के रूप में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते आ रहे है।

**विजयरथ में चढ़ाया गया मगरमुंही :** शुक्रवार को विजय रथ के आठ चक्कों के निर्माण के बाद मगरमुंही चढ़ाया गया। इससे पूर्व रथ निर्माताओं के मुखिया व पुजारी द्वारा बकरे की बलि देकर पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद पहिए में दो बड़े पिल्लर जिसे मगरमुंही कहते है चढ़ाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव, बस्तर दशहरा समिति के सचिव व तहसीलदार रूपेश मरकाम व राजस्व विभाग के आरआई व पटवारी मौजूद थे।

### राशन दुकान कल्याण संघ....

6 में 4 मांगें मान ली है। दो मांगो पर शीघ्र उचित निर्णय का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया सरकार के इस पहल के बाद राशन दुकानदार संतुष्ट है, इसलिए धरने में सम्मलित राशन दुकान संचालको के सर्वसम्मति और सहमति के बाद शनिवार से पीडीएस याने शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है। इधर संघ के अध्यक्ष रोहित कुमार नाग ने बताया एक दिन की हड़ताल के बाद सरकार समस्याओं को पूरा करने के लिए आगे आई। अब तक सरकार ने 6 में से 4 मांगो को पूरा किया। अब भी 2 मांगों को लेकर सरकारी राशन दुकानदार धरने पर बैठे है। शुक्रवार को जिले के 100 से अधिक राशन दुकानदार संभागीय मुख्यालय स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में धरने पर बैठे रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। दुकानदारों ने कहा कि जिन 4 मांगों को सरकार ने पूरा किया उसमें पहला वेयर हाउस से दुकान में जाने वाला चावल मौके पर वजन कराकर दिया जाएगा। कोरोना काल की बची हुई राशि देने की बात कही है। तीसरी मांग में बारदाने की व्यवस्था पर सहमति बनी है।

**हड़ताल के चलते 2 लाख कार्डधारी है प्रभावित :** राशन दुकानदार के हड़ताल के चलते जिले के 2 लाख से अधिक राशनकार्ड धारियों को सरकारी राशन नहीं मिल रहा है। ऐसे में कई परिवार मजबूरी में खुले बाजार से महंगा राशन खरीदने के लिए विवश हैं। जिले के ग्राम पंचायत कोंडालूर में संचालित राशन दुकान के सेल्समैन को हटाने की मांग चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने तोकापाल एसडीम से की है। एसडीम को लिखे पत्र में विधायक ने सेल्समैन सुखदेव बघेल की शिकायत ग्रामीण लगातार कर रहे हैं। उनको हटाते हुए उनके स्थान पर गोविंद कश्यप को रखा जाए।



### महल के सिंहासन पर विराजित मां अम्बे

**जगदलपुर।** शहर के पॉवर हाऊस चौक स्थित सार्वजनिक बालाजी दुर्गोत्सव समिति का इस वर्ष 44 वां साल हैं। समिति की ओर से पंडाल से इस बार दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं के बीच नयापन देने और आकर्षण केंद्र का प्रयास किया जा रहा है। समिति की पिछले वर्ष जंगल थीम रही, जिसमें पंडाल पेड़, पौधे, झाड़ियां आदि लगाई है। इस वर्ष महल थीम पर अपने दुर्गोत्सव के पंडाल को सजाया है। पॉवर हाऊस चौक में सजे पंडाल में मां दुर्गा महल के सिंहासन पर विराजमान नजर आ रही हैं, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समिति के पदाधिकारी प्रमोद नागेश, कौशल सिंह ठाकुर ने बताया कि पूर्व में रायपुर के माना के कारिगरों की ओर से 12,13 फीट माता की प्रतिमा लाई गई थी। इस बार बजट कम होने के चलते शहर के कारीगरों से साढ़े 7 फीट प्रतिमा बनाया गया है। पंडाल में भजन-कीर्तन किया जा रहा है।

#### राम-हनुमान की निकलेगी झांकी

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मां दुर्गा के विसर्जन पर रायपुर से राम-हनुमान की झांकी से बुलाया गया है, जो शहर में निकलेगी, वह आकर्षण का केन्द्र रहेगी।

# ग्राम पल्ली में डाकघर की शाखा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पल्ली में गुरुवार 3 अक्टूबर को दिनेश मिस्त्री निदेशक डाक सेवाएं एवं अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग आरपी वर्मा द्वारा फीता काटकर शाखा डाकघर पल्ली का शुभारंभ किया गया। पूर्व में पल्ली शाखा डाकघर भोगाडी का हिस्सा था, जिसे अब पूर्ण शाखा डाकघर का रूप दिया गया। इसका लेखा कार्यालय माकड़ी होगा। डाक आदान प्रदान माकड़ी से होगा। शुभारंभ नवरात्र के प्रथम दिवस होने के उपलक्ष्य में 11 बालिकाओ का सुकन्या खाता खोलकर कन्याओं को पासबुक प्रदान की गई। इस मौके पर डीपीएस श्री मिस्त्री ने बधाई देते हुए कहा अब पल्ली के ग्रामवासियों को डाकघर की समस्त सुविधाएं प्राप्त होगी। वही सरपंच श्रीमती बिमला नेताम ने कहा हम प्रयास करेंगे कि गांव के प्रत्येक घर से पोस्ट



ऑफिस का खाता खुले एवं योजनाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर बचत खाता को लाइव खाता खोलकर दिखाया गया। शुभारंभ के अवसर पर श्रीमती भगवती पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव, श्रीमती बिमला नेताम सरपंच पल्ली, शिव लाल मरकाम हेड मास्टर उच्च प्राथमिक शाला, साधु राम मरकाम प्राचार्य हाई स्कूल पल्ली, सुभाष भूआर्य उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव 2, आरएस मिश्रा उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

दंतेश्वरी होंडा आपके लिए लेकर आएं है...
HONDA
ट्रिपल धमाका ऑफर
के साथ मेगा लक्की ड्रॉ ऑफर
एडवांस बुकिंग पर पाएं
Smart Watch & Bluetooth Speaker
मेगा लक्की ड्रॉ
01.12.2024 रविवार
बम्पर उपहार
PRICE HIKE UPTO
₹ 2000/-*
किमतों में वृद्धि के बावजूद पुरानी किमत पर वाहन घर ले जाएं
नियम एवं शर्तें लागू*
Scooter bole toh ACTIVA
मेगा लक्की ड्रॉ उपहार
प्रथम पुरस्कार 43" TV, Mixi Dinner Set
द्वितीय पुरस्कार Samsung A Series Smart Phone
तृतीय पुरस्कार Double Door Fridge
ऑफर सीमित समय के लिए
दंतेश्वरी होंडा
(होंडा एक्सक्लूसिव अधिकृत विक्रेता)
मेन रोड-कोंडागांव एवं बनियागांव
मो. 9294566660, 8517909999, 8770249067

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

12 सीएम ने दी 167 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



12 भाजपा सदस्यता को लेकर लोगों में उत्साह : किरण





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

### आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए विशेष बजट का प्रयास भी इस वर्ष किया गया

# विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा बस्तर शांति और खुशहाली आएगी : विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सांस्कृतिक मैदान में नक्सल पीड़ति परिवारों के आश्रितों को रोजगार और जिले के हजारों तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस का नकद भुगतान किया। वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने जिले को 228 करोड़ से अधिक राशि का भूमिपूजन एवं 35 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात दी। सीएम साय ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है।

■ डा. रमन ने कहा- 2007 में बीजापुर आया था, तब नक्सल प्रभाव कायम रहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मूलमंत्र सबका साथ ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। डॉ. रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल में तेजी से विकास हुआ था।

सांस्कृतिक मैदान में सीएम श्री साय ने जनता को सम्बोधित करते कहा कि भाजपा के शासनकाल में छत्तीसगढ़ और बस्तर में विकास हुआ। 2014 से 2019 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कार्य करने का सौभाग्य मिला। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का लक्ष्य है 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद का सफाया हो। भाजपा की डबल इंजन सरकार है। बस्तर और सरगुजा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इन क्षेत्रों में विकास के लिए विशेष बजट का प्रयास भी इस वर्ष किया गया है।

**33 नए सुरक्षा कैम्प बस्तर में खुले, 29 और खुलेंगे**

सीएम ने कहा नियद नेल्लानार योजना के तहत बस्तर के नक्सल प्रभावित जिलों में 33 नए सुरक्षा कैम्प खोले गए हैं वहीं 29 नए सुरक्षा कैम्प खोले जाएंगे। इन कैम्पों के 5 किमी की दूरी पर आने वाले नक्सल प्रभावित गांवों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जायेंगी। वहीं पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा की बहुत दिनों बाद बीजापुर आया हूं। सन-2007 में इस जिले का निर्माण हुआ था। जब यह बना था तब यहां पर सड़क, पुल ▶▶| शेष पेज 10 पर





## नक्सल पीड़ित परिवारों के 70 आश्रितों को मिली सरकारी नौकरी

**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर में जिला अस्पताल को सौ बिस्तर से बढ़ाकर दो सौ बिस्तर करने की आज घोषणा की।



वहीं कार्यक्रम में नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत नक्सल पीड़ित परिवार के 70 आश्रितों को शासकीय नियुक्ति का आदेश वितरण किया। विशेषज्ञ चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जोड़ने, बीजापुर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना, भोपालपटनम में 132 केव्ही की विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, 33 नए स्कूल खोलने, केंद्रीय पुस्तकालय की घोषणा किए। साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय और प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग की व्यवस्था करने के लिए कलेक्टर को निर्देशित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास कार्य को गति दी गई है। क्षेत्र में नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति, विकास, विश्वास के साथ योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक, खनिज, वन संपदा से परिपूर्ण है, साथ ही यहां के निवासी भी ऊर्जावान है, जो प्रदेश के विकास में सहयोग कर रहे है। केंद्र सरकार और राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी जनता को मिल रहा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मसेनार एवं पाहुरनार को मुख्यमंत्री ने दिया संपूर्ण जैविक ग्राम का प्रमाणपत्र

**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के ग्राम मसेनार तथा विकासखण्ड गीदम के ग्राम पाहुरनार को संपूर्ण जैविक ग्राम का प्रमाणपत्र दिया है। ज्ञात हो कि जिले में देश के सबसे अधिक रकबे 65279 हेक्टेयर एवं 110 ग्रामों में 10264 किसानों द्वारा जैविक खेती की जा रही है। जिन्हें वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण के अन्तर्गत भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा जैविक प्रमाणीकृत किया गया है। इस अवसर पर ग्राम कासौली के प्रगतिशील कृषक बोसा राम अटामी द्वारा उन्नत किस्म के अमरुद तथा कमल सिंह नाग ने जैविक विधि द्वारा उत्पादित किए गए विशिष्ट चावल की टोकरी मुख्यमंत्री को भेंट स्वरूप दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह और वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग के सदस्य ओजस्वी मण्डावी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर ▶▶| शेष पेज 10 पर



# सिरहासार में बैठे जोगी, नौ दिन रहेंगे तपस्या में लीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की प्रमुख रस्म जोगी बिठाई पूजा विधान शुक्रवार को देर शाम सिरहासार भवन में की गई। रियासतकालीन परम्परा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष बड़े आमाबाल के दौलत नाग जोगी के रूप में 9 दिन तक योगासन की मुद्रा में बैठेगें। बस्तर दशहरा में दूसरी बार बतौर जोगी के रूप में बैठकर दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न होने साधना व आराधना करेगें। गौरतलब है कि जोगी बिठाई से एक दिन पूर्व गुरुवार को पितृमोक्ष अमावस्या ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ दशहरा निर्विघ्न सम्पन्न हो इसलिए करेंगे साधना व आराधना

### नौ दिन बाद गड्ढे से निकलेंगे जोगी

रियासत काल से ही हल्बा जनजाति का जोगी इस परम्परा का निर्वहन करते आ रहे हैं। रियासतकालीन परम्परानुसार बड़े आमाबाल के नाग परिवार द्वारा जोगी बिठाई पूजा किया जाता है। इस बार जोगी के रूप में बैठे दौलत अब नौ दिन के बाद ही गड्डे से निकलेगें। वहीं जोगी दर्शन करने प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सिरहासार भवन पहुंचते है तथा जोगी दर्शन कर प्रसाद प्राप्त करते है। नवमें दिन जोगी उठाई रस्म के बाद जोगी बने दौलत नाग को सिरहासार भवन स्थित जोगीसार से उठाया जाएगा।

## राशन दुकान कल्याण संघ की 6 में 4 मांगें सरकार ने मानी, कल से खुलेंगी दुकानें

**जगदलपुर।** शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता कल्याण संघ के सैंकड़ों राशन दुकानदार अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 4 दिनों से अनिश्चित कालीन धरने पर है। शासन-प्रशासन के समक्ष लगातार मांगों को लेकर लिखित रूप से ध्यानाकर्षण कराया जाता रहा। सुनवाई नहीं होने के चलते अनिश्चित कालीन धरना पर



जाने के लिए बाध्य होना पड़ा। संघ के प्रदेश सचिव आजम्बर सेठिया ने बताया सरकार ▶▶| शेष पेज 10 पर

EXCLUSIVE FESTIVE OFFER
Celebrate the festive season with a splendid offer until Deepawali
&
Receive Free 10g Gold Coin with every Confirmed Bookings of Residential Plots




Draw Winner Gets a
MARUTI SWIFT ZXI+ CAR
LUCKY DRAW
14 JANUARY 2025

BK
GREEN WOODS
Kumharawand
Premium Residential Plots
Complete With all Facilities & Amenities


BANK FINANCE AVAILABLE FROM
› Chhattisgarh Rajya Gramin Bank
› UCO Bank
CRGB | यूको बैंक UCO BANK

Contact Numbers
9244144694
07782-358085

PROPRIETOR
DHANESHWAR PANDEY
& VIJAY PANDEY

RERA Registration No.
PCGRERA080823001657










Sales & Marketing By :
NEELIMA BUILDERS
ADDRESS
Near Shiv Mandir, Chitrakot Road, Dharampura, No-1, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh
e-mail : greenwoodsgreen@gmail.com | website : www.bkgreenwoods.com

## खबर संक्षेप

### जिला जेल में हुआ विधिक शिविर का आयोजन



**दंतेवाड़ा।** 2 अक्टूबर गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपूर्वा दांगी द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बंदियों को गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन शैली, सादगी अपनाने और उनके समान सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जेल अधीक्षक जीएस शोरी ने भी बंदियों को संबोधित करते हुए बताया कि महात्मा गांधी के जीवन मूल्य को अपनाते हुए जेल में सात्विक खाना बंदियों को दिया जाता हैं, जिससे बंदियों के मन भी सात्विक और पवित्र हो सके।

### बीमारी मुक्त रेशम कीट बीज की सफलता



**बस्तर।** बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केंद्र बीएसएमटीसी ने तसर रेशम कीट बीज का उत्पादन करने में एक अद्भुत उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता रेशम उद्योग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि गुणवत्तापूर्ण बीज तसर रेशम उत्पादन की नींव होती हैं। बीएसएमटीसी के प्रभारी डॉ. बीटी. रेड्डी ने दूसरे डाबा बिवोल्टिन तसर रेशम कीट बीज उत्पादन की पूर्णता की घोषणा की, जिसमें 3.00 से कम अनुपात पर रोग मुक्त लेयर्स (डीएफएल) और कोकून प्राप्त हुए। यह उपलब्धि क्षेत्रीय रेशम उत्पादन में बीएसएमटीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। बीएसएमटीसी ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में 157,000 से अधिक डीएफएल की आपूर्ति की है।

### मौत मामले में ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से की फरियाद

**जगदलपुर।** पूर्व विधायक रेखचंद जैन से शुक्रवार को मुंडागढ़ ग्राम पंचायत के लोगों ने मुलाकात की। बताया गया कि इस पंचायत के



कासरीपास पारा में दो लोगों की मौत उल्टी-दस्त से हो चुकी है, वहीं तीन लोग गुरुबारी, देवली व चंपा गंभीर रूप से बीमार हैं। शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों में मनुराम नाग, दुर्जन नाग व अन्य लोगों ने उनसे बीमारी की बात साझा करते उचित समाधान करने की फरियाद की। रेखचंद जैन ने ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल सीएमएचओ डा.संजय बसाक से फोन पर चर्चा कर उचित जांच एवं उपचार प्रदान करने गांव में कैंप लगाने का आग्रह किया। विभाग के आला अधिकारियों ने उचित कारवाई करने का आश्वासन दिया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों को किया पुरूष्कृत




**बीजापुर।** नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक में आयोजित सम्पूर्णता कार्यक्रम का गांधी जयंती के अवसर पर समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने सम्पूर्णता अभियान के 6 संकेतकों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए बधाई दिया और भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य बी. पुष्पा राव, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत एवं डिप्टी कलेक्टर तथा नोडल अधिकारी उत्तम सिंह पंचारी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## देवी का ध्वज हाथ में लिए जयकारा करते पदयात्री जा रहे दंतेवाड़ा...





**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्र में जगदलपुर शहर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दंतेश्वरी दर्शन के लिए दंतेवाड़ा रवाना हो रहे हैं। नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को दंतेवाड़ा मार्ग पर बड़ी संख्या में भक्तों का काफिला हाथ में देवी का ध्वज लिए जयकारा लगाते चल रहे थे। जिला प्रशासन की पहल पर अनेक समाजसेवी संस्थाओं तथा ग्राम पंचायतों ने जगह-जगह सेवा केंद्र लगाए हैं। जहां खाने-पीने की वस्तुओं, उपवास रहने वालों के फल तथा मार्ग में नंगे पैर चलने से पैर में गिट्टी गड़ने से चोटिल हुए अंगों को दवा देने समुचित व्यवस्था की गई है। सेवा केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता भी सेवा दे रहे हैं। साथ ही रास्ते में पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां भी लगातार चल रही है। ताकि लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर सकें। छाया-संतोष पांडे

## जलनी माता मंदिर पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



मां शक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में गुरुवार को बकावंड में नवनिर्मित भैरमदेव एवं चोकनार जलनी माता मंदिर का शुभारंभ बस्तर विधायक ने किया।

इस अवसर पर विधायक बघेल ने गिरोला पहुंचकर माता हिंगलाजिन की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज नवरात्रि के उपलक्ष्य में बकावंड में नवनिर्माण भैरव मंदिर का शुभारंभ किये। जिसकी लागत राशि 5 लाख रुपए रही। वहीं ग्राम चोकनार में जलनी माता मंदिर का लोकार्पण किया। इस दौरान जगमोहन बघेल, गोपाल कश्यप, सोनाधर कश्यप, सत्येंद्र गागड़ा, कलावती कश्यप, भगवती बघेल, लैखन कश्यप, रूपदई, धनसिंह, नीला, उड़दो, मंगरी, इलाबती, सिंधुनाग कार्तिक, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सीएम ने दी 167 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दन्तेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान जिले में 167 करोड़ 21 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

लोकार्पण के तहत जिला दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में शासकीय उपाधि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों हेतु 100 सीटर कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य 272.450 लाख, दन्तेवाड़ा में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण 99 लाख, 100 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण कार्य दन्तेवाड़ा 160 लाख, बुढ़ा तालाब बारसूर में सौंदर्यीकरण कार्य विकासखण्ड गीदम 453 लाख, शंकनी-डंकनी नदी तट पर घाट निर्माण 3659.700 लाख, 500 सीटर आवासीय विद्यालय कारली के भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित वि.खं. गीदम 487.150 लाख, एनीकट निर्माण कार्य कटेकल्याण पुजारी पारा डुमाम नदी पर 350 लाख, दुगेली एनीकट निर्माण कार्य 372.940 लाख, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिन्दनार का निर्माण कार्य 75 लाख, उप स्वास्थ्य केन्द्र हिड़पाल का निर्माण कार्य

### मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने किया स्वागत



स्थानीय कारली पुलिस लाईन हेलीपैड में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक दिवसीय दंतेवाड़ा जिले के प्रवास में दंतेवाड़ा आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय के साथ में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और वन मंत्री केदार कश्यप भी आये। इस दौरान सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, राज्य महिला आयोग के सदस्य ओजस्वी मण्डावी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों और डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री साय का बीजापुर में आत्मीय स्वागत



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का शुक्रवार को एक दिवसीय बीजापुर प्रवास के दौरान पुलिस लाइन हैलिपैड पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री का स्वागत स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप और विधायक चैतराम अटामी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा भी उपस्थित थे।

## 80 बटालियन ने मनाया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 80 वाहिनी के कमांडेड जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में 80 वीं वाहिनी व पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज कार्यालय बल द्वारा स्वच्छता अभियान के अन्तगर्त स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन चित्रकोट पर्यटन स्थल में साफ सफाई के उपरान्त किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में कमांडेड सहित दिनेश कुमार सिंह, सुबीर राय, पुरुषोत्तम कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ उत्पल गागोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मकसुद आलम, उप कमांडेड हेम राज व्यास,सहायक कमांडेड अधिनस्थ अधिकारी व जवानों के साथ जनपद सीईओ लोहंडीगुड़ा, नेहरु युवा केन्द्र प्रभारी अंजली, मोसू राम मांडवी कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, टीआई लोहन्डीगुडा, स्वामी आत्मानंद हाय सेकेंडरी हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों, शासकीय हाय सेकेंडरी स्कूल कोटियागुड़ा, हेमराव खापर्डे प्राचार्य और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, शासकीय कन्या हाय सेकेंडरी स्कूल लोहंडीगुड़ा, सरोज मैडम कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस व स्थानीय जनता ने एक साथ मिलकर साफ सफाई में श्रमदान किया। आम जनता में स्वच्छता की भावना को जागृत किया गया। 80 वीं वाहिनी व पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज कार्यालय के अधिकारीगण अधिनस्थ, जवानों के साथ आम जनता ने भी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में भाग लिये।

## विक्रेता निःशुल्क बनाएगा वाहन व भरेगा 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में जायका ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड को आवेदक की वाहन में नए पार्ट्स लगाकर निःशुल्क बनाने और मैग्मा एचडीआई इंश्योरेंस कंपनी को मरम्मत की शेष राशि 50 हजार रूपए अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया गया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर निवासी त्रिलोकेश्वरी जंगम द्वारा जायका ऑटोमोबाइल की स्थानीय फर्म शिवनाथ हुंडई से एक आस्था एलाइट वाहन क्रय की गई थी। आवेदक द्वारा वाहन क्रय करने के लगभग दो माह पश्चात वाहन में बाढ़ की वजह से पानी चले जाने के कारण आवेदक द्वारा उक्त वाहन, वाहन विक्रेता को मरम्मत हेतु प्रदान की गई थी। इसी बीच वाहन विक्रेता के शो-रूम में आगजनी की घटना होने से उसमें कई वाहन प्रभावित हुए। आवेदक द्वारा वाहन विक्रेता से वाहन की मरम्मत कर, बीमा कंपनी के माध्यम से मरम्मत हुए की राशि प्राप्त करने का निवेदन किया गया था। वाहन विक्रेता द्वारा मरम्मत की राशि शेष बताते हुए आवेदक को वाहन प्रदान करने से मना कर दिया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि वाहन विक्रेता को बीमा कंपनी द्वारा वाहन मरम्मत की राशि अदा की जा चुकी थी, पर वाहन विक्रेता द्वारा राशि शेष होने का आक्षेप लेते हुए आवेदक को वाहन प्रदान नहीं की गई थी। बीमा कंपनी द्वारा सर्वेयर की रिपोर्ट को अवलंबन बनाते हुए 50 हजार रूपए की राशि कम अदा की गई थी। इस पर आयोग ने माना कि सर्वेयर की रिपोर्ट अंतिम और अंतिम शब्द नहीं है और ऐसी रिपोर्ट बीमाकर्ता या बीमा कंपनी पर बाध्यकारी नहीं है। वाहन विक्रेता को आवेदक को वाहन मरम्मत नहीं कर के देने के कारण 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है।

## भाजपा सदस्यता को लेकर लोगों में उत्साह : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सदस्य बनाने सदस्यता रथ का परिचालन किया जायेगा। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने जिला कार्यालय के समक्ष रथ को ध्वज दिखा कर रवाना किया। सदस्यता रथ जिले के सभी 11 मण्डलों में भ्रमण करेगा और सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक सदस्य बनाने लोगों के मध्य पहुंचेगा। सदस्यता रथ के परिचालन के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1 सितम्बर से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आरंभ हुआ है और सदस्यता अभियान के एक माह के उपरांत करोड़ों लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। सदस्यता कार्यक्रम को निरंतर तीव्र गति प्रदान करने भाजयुमो द्वारा भाजपा सदस्यता रथ का परिचालन समूचे प्रदेश में आज से एक साथ आरंभ हुआ है। सदस्यता रथ गांव-गांव तक पहुंचेगा, कालेज, छात्रावास का भ्रमण कर अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सतत कार्य कर रहा है, लोगों के बीच भाजपा सदस्यता को लेकर हर जगह उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, विद्याशरण तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, योगेंद्र पांडे, दंतेश्वर नायडू, संजय पांडे, रजनीश पानीग्राही, बृजेश भदौरिया, सुरेश गुप्ता, आर्येन्द्र सिंह आर्य, मनोहर दत्त तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, रंजीत पांडे, आशुतोष पांडे, राजपाल कसेर, राधेश्याम पंद्रे, सदस्यता अभियान प्रभारी लक्ष्मण झा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




गीता वासुदेव वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सेवा ही स्वच्छता आयोजन किया गया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर की जयंती पर गीता वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा गंगा मुंडा स्थित विश्वकर्मा मंदिर परिसर में साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप व विधायक व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देवी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियां को निभाना चाहिए। स्वच्छता हमारे दैनिक क्रिया क्रम में समाहित हो जाना चाहिए और यह कार्य मनुष्य के जीवन में निरंतर चलने वाला क्रम है। इस दौरान विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण को धोया गया व गार्डन की सफाई की गई। उसके बाद घाट की सफाई की गई, जिसमें सांसद और विधायक ने भाग लिया। गीता फाउंडेशन के अध्यक्ष डी.के पाराशर ने गंगा मुंडा के संरक्षण संवर्धन व सुरक्षित किए जाने व तालाब गहरीकरण, सौंदर्यीकरण, चौपाटी की व्यवस्था, रोड व्यवस्था, मोटर बोर्ड, स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरे, घाटों का पुनरुद्धार, रंग रोगन, सुंदर गार्डन, रेलिंग और तालाब की सफाई की मांग पर जोर दिया। संचालन नलिन शुक्ला व अजय पाल सिंह जसवाल ने आभार माना। इस दौरान डॉ.अक्षय डी पाराशर, डॉ.साक्षी पाराशर, रानी पाराशर, एल ईश्वर राव, कैलाश राठी, विद्या शरण तिवारी, रंजीत पांडे, सुरेश गुप्ता, बबला यादव, दीपक साहू, पांडव भोल, पूनम शर्मा, खेमलता नाविक, मनोज पाणिग्रही, हरि शंकर झा, वीरेंद्र बहोते, राजीव निगम, दीपक श्रीवास्तव, नलिन शुक्ला, अजय शर्मा, महफूज बेगम, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, संग्राम राणा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## सक्षम के विरोध के बाद रद्द हुआ गरबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वन्या लॉन में तिशा गुरप द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। यहां युट्यूबर मुकुल व सोना को बुलाया गया था। वे यूट्यूब पर अश्लील कंटेंट बनाते हैं। गरबा में अश्लीलता फैलाने वाले युट्यूबरों को बुलाया गया था। इस पर सनातन क्षेत्रीय मंच सक्षम ने विरोध जताते हुए पुलिस से आयोजन समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। सक्षम और हिन्दू समाज के विरोध के बाद आयोजन को निरस्त कर दिया गया है।

## प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही: हूंगाराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा जिला अंतर्गत स्वामी आत्मान्द शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गादीरास में 28 छात्राओं को भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम ने आज साइकिल वितरण कर उनके उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम पहुंचे थे। सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मरकाम ने कहा कि छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम कर रही है। इसके साथ-साथ बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा और हमारी सरकार का कर्तव्य है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य हूंगाराम मरकाम को वहां की स्कूल की समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर उन्होंने प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार से बात करके समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नागेंद्र रिंकू भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री राजेंद्र कुलदीप, वरिष्ठ सदस्य दुर्जन बघेल, हिडमा माड़वी, हड़मा राम सुक्का सिंह सहित स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124
नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124
कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124
सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124
दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124
बीजापुर
मो. 9131893124

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411